# भारत-जर्मनी के बीच होगी बड़ी डील

- जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज 12 को आएंगे भारत
- पीएम नरेंद्र मोदी फ्रेडरिक का करेंगे स्वागत




**नई दिल्ली, 9 जनवरी. जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज अगले सप्ताह भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को अहमदाबाद में उनका भव्य स्वागत करेंगे. इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण 8 बिलियन डॉलर (लगभग 65 हजार करोड़ रुपए) की पनडुब्बी डील है. यह सौदा भारतीय नौसेना की ताकत को कई गुना बढ़ा देगा.** यह भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में यह अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी हो सकती है. इसके तहत जर्मनी की कंपनी 'टीकेएमएस' और भारत की 'मझगांव डॉक' मिलकर 6 आधुनिक पनडुब्बियां बनाएंगी. रक्षा के साथ-साथ जर्मनी भारत से 'ग्रीन अमोनिया' खरीदने की तैयारी में भी है. ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्र में यह दौरा मील का पत्थर साबित होगा. दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को लेकर भी कई अहम समझौते होने की उम्मीद है. मोदी व जर्मन चांसलर साबरमती आश्रम जाएंगे. साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेंगे, जिसके बाद महात्मा मंदिर में द्विपक्षीय बैठकों का आयोजन होगा.

**पीएम मोदी कल करेंगे वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन**

कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए इस बार अलग वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. प्रधानमंत्री 11 जनवरी को राजकोट में मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करेंगे. वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस 11 से 12 जनवरी तक कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयोजित हो रहा है.

# मेरठ में दलित महिला की हत्या बेटी का किया अपहरण

- कई थानों की फोर्स तैनात, खेत जाते वक्त खौफनाक वारदात

**मेरठ 9 जनवरी. उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है. सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड गांव में एक दलित महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जबकि उसकी 20 वर्षीय बेटी को अगवा कर लिया गया.**

यह घटना उस वक्त हुई जब महिला अपनी बेटी के साथ खेत की ओर जा रही थी. अचानक हुए इस हमले में आरोपी ने धारदार हथियार से महिला पर जानलेवा वार किया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की खबर फैलते ही गांव में भारी आक्रोश फैल गया. गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और एम्बुलेंस में तोड़फोड़ की. हालात को देखते हुए प्रशासन को कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात करनी पड़ी. परिजनों ने साफ कहा कि जब तक बेटी की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा. इस जघन्य अपराध ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि एक बार फिर महिला सुरक्षा और दलित उत्पीड़न का मुद्दा सुर्खियों में ला दिया है.



# न्यायाधीश पॉल ने ईडी की सुनवाई से किया इनकार

- ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर की मांग की थी

**कोलकाता/नई दिल्ली, 9 जनवरी. कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर सुनवाई को टाल दिया है. हाईकोर्ट ने यह कार्यवाही कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दी है.**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हाईकोर्ट से उस समय राहत नहीं मिली जब उसने मामले की तत्काल सुनवाई के लिए खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि मामले की सुनवाई वही एकल-न्यायाधीश पीठ करेगी, जिसने पहले से इसकी तारीख तय कर रखी है। अदालत ने सुनवाई की प्रक्रिया में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया. याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी. पश्चिम बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी ने दिल्ली से लेकर कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन किया. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में मार्च भी निकाला और कहा कि मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं, उन्होंने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है. दोपहर में जैसे ही जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच में सुनवाई शुरू होने वाली थी, वहां वकीलों और इंटर्न की भारी भीड़ जमा हो गई.

## टीएमसी सांसदों का दिल्ली में प्रदर्शन

इससे पहले शुक्रवार सुबह टीएमसी पार्टी के 8 सांसदों ने दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया. जिसमें डेरेक ओ ब्रॉयन, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद नारेबाजी करते नजर जैसे टीएमसी सांसद नजर आए. इस दौरान धक्का-मुक्की हुई, कुछ सांसद गिर भी गए. पुलिस ने सांसदों को सुबह 10 बजे हिरासत में लिया और दोपहर 12 बजे छोड़ा. कार्रवाई के बाद ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा- गृह मंत्री के दफ्तर के बाहर विरोध करना, हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है. उन्हें सडड़ों पर घसीटना कानून का पालन नहीं है, बल्कि यह पुलिस की घमंड दिखाने की कोशिश है.

# भारत-फिजी कृषि सहयोग को नई मजबूती

- मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फिजी मंत्री से की द्विपक्षीय वार्ता



**नईदिल्ली, 9 जनवरी. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 9 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के कृषि भवन में फिजी के कृषि एवं जलमार्ग मंत्री तोमासी तुनाबुना से द्विपक्षीय बैठक की.**

दोनों पक्षों ने मौजूदा सहयोग पर चर्चा की और भविष्य में सहयोग के क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की. मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के फिजी के साथ ऐतिहासिक संबंध हैं जो आपसी सम्मान, सहयोग और मजबूत सांस्कृतिक एवं जन-संबंधों के बल पर और भी मजबूत हो रहे हैं. उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश कृषि और खाद्य सुरक्षा को द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में महत्व देते हैं. दोनों मंत्रियों ने आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की. दोनों पक्षों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की. इसके अतिरिक्त, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में छात्र आदान-प्रदान, प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रम, और लघु उद्योग मशीनरी एवं डिजिटल कृषि उपकरणों से संबंधित प्रौद्योगिकी साझाकरण शामिल थे.

# भाजपा ने 26 पदाधिकारियों को 6 वर्षों के लिए किया निलंबित

- बीएमसी चुनाव के पहले लिया एक्शन

**मुंबई, 9 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2026 के बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों के दौरान कथित रूप से पार्टी-विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में अपने 26 पदाधिकारियों को छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया है. जिनमें कई पूर्व नगरसेवक भी शामिल हैं.**

पार्टी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. यह अनुशासनात्मक कार्रवाई उन नेताओं के खिलाफ की गई है, जिन्होंने या तो नगर निकाय चुनाव में बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी की या फिर पार्टी नेतृत्व के बार-बार निर्देशों के बावजूद महायुति के आधिकारिक उम्मीदवारों का समर्थन नहीं किया. मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने निलंबन आदेश जारी करते हुए कहा कि संबंधित पदाधिकारी लगातार पार्टी की आधिकारिक लाइन और महायुति उम्मीदवारों के खिलाफ काम कर रहे थे, जिसके चलते यह कार्रवाई आवश्यक हो गई. निलंबन आदेश में कहा गया है, पार्टी के बार-बार अनुरोध के बावजूद इन नेताओं ने बीएमसी चुनावों में आधिकारिक उम्मीदवारों को सहयोग नहीं दिया.

# नामांकन की चूक से महायुति को झटका

**मुंबई, 9 जनवरी.** महाराष्ट्र में बागियों को आखिरी समय तक नामांकन पत्र दाखिल करने से रोकने की कोशिश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) -शिव सेना (शिंदे समूह) के नेतृत्व वाले महायुति ने नगर निगम चुनाव प्रक्रिया के दौरान कड़ी गोपनीयता बनाए रखी। इस बीच आखिरी समय की गड़बड़ी के कारण यह सामने आया है कि महायुति चार वार्डों में उम्मीदवार खड़े करने में नाकाम रही है, जिससे नतीजे घोषित होने से पहले ही ये सीटें हाथ से निकल गयी हैं। नतीजतन, कुल 227 वार्डों में से महायुति के उम्मीदवार सिर्फ 223 वार्डों में ही चुनाव लड़ेंगे। पूरे राज्य में 69 जगहों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं.

## एक नजर में



### रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल से हमला

**मास्को, 09 जनवरी.** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना ने ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का उपयोग करते हुए यूक्रेन के महत्वपूर्ण सुविधाओं पर बड़ा हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में उच्च सटीकता वाले लंबी दूरी की जमीनी एवं समुद्री हथियारों के साथ-साथ लड़ाकू ड्रोन भी शामिल थे।इसने आगे कहा कि लक्ष्यों में ड्रोन उत्पादन सुविधाएं और यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर के संचालन में सहायक ऊर्जा अवसंरचना शामिल थी। ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल उच्च गति प्राप्त करने में सक्षम है। नवंबर 2024 में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पुष्टि किया था कि रूस ने मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया.

### एसआईटी ने सबरीमाला तांत्रिक से पूछताछ की

**तिरुवनंतपुरम, 09 जनवरी.** केरल के सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर से कथित रूप से सोने के गबन की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने मंदिर के तंत्री (मुख्य पुजारी), कंदरारु राजीवरु को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। यह घटनाक्रम भगवान अयप्पा मंदिर से सोने की चोरी के बाद हाई-प्रोफाइल जांच में एक निर्णायक चरण को दर्शाता है जिसने पूरे राज्य का ध्यानाकर्षित किया है। वरिष्ठ पुजारी को कोच्चि स्थित एसआईटी कार्यालय ले जाया गया, जहां जांचकर्ता उनसे मंदिर में किए गए विवादास्पद स्वर्ण-चढ़ाई कार्यों के दौरान सोने की वस्तुओं को हटाने, प्रमाणित करने और संभालने से संबंधित मामलों पर पूछताछ कर रहे हैं।अधिकारियों ने कहा कि इस प्रक्रिया से जुड़े रिकॉर्ड एवं बयानों में तालमेल नहीं स्थापित होने के बाद हिरासत में पूछताछ करना आवश्यक हो गया.

### भारत को कपड़ा हब बनाने का ब्लूप्रिंट तैयार

**नई दिल्ली, 9 जनवरी.** कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन देश के कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव लाकर देश को कपड़ा उद्योग का वैश्विक हब बनाने की नीति पर गहन विचार विमर्श के बाद शुक्रवार को समाप्त हो गया. कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने दो दिन चले सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिनों तक देशभर के कपड़ा मंत्रियों ने सम्मेलन में कपड़ा क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया और विश्वास जताया गया कि भारत को वैश्विक कपड़ा केंद्र बनाने के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार किया जाएगा. उनका कहना था कि प्रमुख नीतिगत विचार-विमर्श और भविष्य की रूपरेखा तय करने के साथ कपड़ा मंत्रियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन गुवाहाटी में संपन्न हुआ.

# भारतीय भाषाएं एक-दूसरे की पूरक हैं

**सीपी राधाकृष्णन तीन दिवसीय सम्मेलन को किया संबोधित**



**नई दिल्ली, 9 जनवरी.** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय भाषाएं एक-दूसरे की विरोधी नहीं, श्री राधाकृष्णन ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक संवाद को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय तृतीय अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन 2026 के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे स्मृति, संस्कृति, परंपरा और पीढ़ियों से हस्तांतरित मूल्यों की वाहक होती हैं. भारत की एकता कभी एकरूपता पर आधारित नहीं रही, बल्कि विभिन्न भाषाओं के बीच आपसी सम्मान और सह-अस्तित्व से बनी है. श्री राधाकृष्णन ने कहा कि प्राचीन शिलालेखों, ताड़पत्रों और हस्तलिखित ग्रंथों से लेकर आज के डिजिटल माध्यमों तक भाषाओं ने मानव विचारों को आकार दिया है और ज्ञान को संरक्षित किया है. आज आवश्यकता है कि भाषाई विविधता की रक्षा के साथ-साथ लुप्तप्राय भाषाओं को शिक्षा और तकनीक से जोड़कर नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए. उन्होंने कहा कि हर भाषा का सम्मान करना, हर भारतीय का सम्मान करने जैसा है. सत्र की अध्यक्षता आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने की. इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद के महासचिव श्याम परांडे, जापान के भाषाविद एवं पद्मश्री सम्मानित तोमियो मिज़ोकामि, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश टेकचंदानी भी मंच पर मौजूद रहे.

# ममदानी अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें

**विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त**



नई दिल्ली 9 जनवरी. विदेश मंत्रालय ने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के यहां तिहाड़ जेल में बंद भारतीय छात्र उमर खालिद को लिखे पत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें इन बातों के बजाय मेयर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा, हम अपेक्षा करते हैं कि जनप्रतिनिधि अन्य लोकतंत्रों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करें. व्यक्तिगत पूर्वाग्रह व्यक्त करना पद पर आसीन लोगों को शोभा नहीं देता. ऐसी टिप्पणियों के बजाय, उनके लिए यह बेहतर होगा कि वे अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करें. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आलोचक रहे श्री ममदानी ने पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर ख़ालिद को एक व्यक्तिगत पत्र लिखा था.

श्री ममदानी ने लिखा, मैं अक्सर आपकी कड़वाहट पर कही गई बातों के बारे में सोचता हूं और इस बात के महत्व पर कि उसे स्वयं पर हावी न होने दिया जाए. आपके माता-पिता से मिलकर खुशी हुई. हम सभी आपके बारे में सोच रहे हैं. श्री ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और भारतीय मूल के पहले मेयर हैं, जो अमेरिका का सबसे बड़ा शहर है। उनकी मां प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं। रिपोर्टों के अनुसार ममदानी ने गत दिसंबर में न्यूयॉर्क में उमर खालिद के माता-पिता सैयद क़ासिम रसूल इलियास और साहिबा खानम से मुलाकात की थी.

# यूएई और श्रीलंका से रणनीतिक साझेदारी मजबूत हुई : जनरल द्विवेदी



**नई दिल्ली 9 जनवरी. सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई ) और श्रीलंका की आधिकारिक यात्राओं से पश्चिम एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र के मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग प्रगाढ़ बनाने, सैन्य संपर्क बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को बल मिला है.**

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि जनरल द्विवेदी की दो देशों की चार दिन की यात्रा गुरुवार को संपन्न हो गयी और इस दौरान यूएई और श्रीलंका दोनों के साथ रक्षा और सैन्य-से-सैन्य सहयोग को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाया गया. इसके तहत रणनीतिक संवाद को सशक्त किया गया, पेशेवर सैन्य शिक्षा के आदान-प्रदान का विस्तार किया गया तथा ठोस क्षमता निर्माण पहलों को आगे बढ़ाया गया. इससे पारस्परिक विश्वास मजबूत हुआ, अंतर-संचालन क्षमता में वृद्धि हुई और एक विश्वसनीय एवं भरोसेमंद रक्षा साझेदार के रूप में भारत की भूमिका और सुदृढ़ हुई.

## आज का इतिहास

1858 जापान ने अनिच्छा से एमिटी वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए.

1862 अमेरिकन सिविल वॉर-कॉफेडरेट जासूस बेले बॉयड को उसके प्रेमी द्वारा उसके बदले जाने के बाद यूनियन सैनिकों ने गिरफ्तारी

1899 न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन हुआ

1899 पहले हेग कन्वेंशन, पहले औपचारिक बयानों के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून में युद्ध और युद्ध अपराधों के कानूनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

1947 दुनिया का पहला सामान्य-उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिकडिजिटल कंप्यूटर बना.


ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

## आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात - 362 266। कॉर्पोरेट कार्यालयः 12वीं मंजिल, आर टेक पार्क, निरलॉन कॉम्प्लेक्स, हब मॉल के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400 063, महाराष्ट्र।

**कब्जे की सूचना [सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का नियम 8 (1) देखें]**

दिनांक 11.03.2024 की विलय योजना के तहत आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच विलय के कारण, जिसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण - अहमदाबाद द्वारा 24.03.2025 को पारित आदेश में विधिवत दर्ज किया गया है, नीचे अनुसूची-ए में उल्लिखित बंधक संपत्ति के संबंध में आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा शुरू की गई सभी SARFAESI कार्यवाइयाँ, विलयित कंपनी, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित हो जाती हैं। तदनुसार, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (ABCL) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के नियम 3 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित दिनांकित एक मांग नोटिस जारी करते हुए, आपसे उधारकर्ता होने के नाते (नीचे दिए गए नाम और पते) उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान करते हैं और उक्त सूचना प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर उस पर ब्याज का भुगतान करने के लिए। नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ, नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं, विशेष रूप से और आम जनता को, एतद्द्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन, नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (ABCL) के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

| उधारकर्ता का नाम | मांग नोटिस की तारीख और ओ/एस राशि। | अचल संपत्ति का विवरण (बंधक संपत्ति) | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. मैसर्स. पंकज किराना स्टोर, इसके माध्यम से मालिक श्री पंकज जैन<br>2. श्री पंकज जैन, पुत्र. प्रदीप जैन<br>3. श्रीमती सुनीता जैन, पत्नी प्रदीप कुमार<br>4. श्री प्रदीप जैन, पुत्र. शिखर चंद जैन<br>लैनः ABJABSTS000000740425 | डीएन दिनांकः 15.10.2025 राशिः 48,67,677/- 08.10.2025 तक | वह संपूर्ण भूखंड 1000 वर्ग फुट का, मौजा भिटोनी में स्थित पीएच नं. 37, खसरा संख्या 46/4/खसरा का भाग, म्यूटेशन खसरा संख्या 46/4/1, 46/4/2, वार्ड संख्या 9, आरएनएम शाहपुरा, तहसील शाहपुरा, पाटन, मध्य प्रदेश 483119 | 08.01.2026 (प्रतीकात्मक अधिकार) |

स्थानः पाटन, मध्य प्रदेश
दिनांकः 10.01.2026

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड



## M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Superintending Engineer (P&W) Office of The Chief Engineer (Gen.), Sanjay Gandhi Thermal Power Station
Birsinghpur, Distt.-Umaria 484552 (M.P.), Email ID : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, Fax No. : 07655-260226
No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-37/4184 Birsinghpur, Dtd. : 08.01.2026

**E-TENDER INVITING NOTICE**

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier /contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

| SL. No. | MPPGCL TENDER-ID | Particulars | Estimate (In Rs.) | Tender Cost (In Rs.) | E.M.D. (In Rs.) | Last Date of Closing of Onling Submission | Due Date of E-Tender Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_MPPGC_468173_1 | RCC WORK (Parapet) wall at various location in CHP area at, SGTPS, Birsinghpur. Year 2025-26 | 17,61,052/- | 1000/- | 35,300/- | 27.01.2026 | 30.01.2026 |
| 02 | 2025_MPPGC_468206_1 | Annual work of maintenance of and watch & ward of existing garden near B,E & F type quarter & Rest House" at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 18,99,504.82 | 1000/- | 38,000/- | 27.01.2026 | 30.01.2026 |
| 03 | 2025_MPPGC_469792_1 | Work Contract for "Various fabrication work required for C&1 Up-gradation during/before AOH in Boiler of Unit No.# 4" at PH-II, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 26,32,627/- | 1000/- | 52,700/- | 23.01.2026 | 28.01.2026 |
| 04 | 2025_MPPGC_418465_3 | Testing of various numerical and electromagnetic relays installed in unit no. 1 to 4, PH-I & II, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 21,02,583/- | 1000/- | 42,100/- | 27.01.2026 | 30.01.2026 |
| 05 | 2025_MPPGC_468199_1 | Procurement of "Shell & Tube Type Oil Cooler" for 8.5 E-9 Coal Mills for Gear Box of Unit no. 1 &2, PH-I, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 17,32,499/- | 1000/- | 34,700/- | 16.02.2026 | 20.02.2026 |

These tenders are being invited through e-tendering system/For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website www.mptenders.gov.in regularly. Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only.

M.P. Madhyam/123906/2026 "SAVE ELECTRICITY-SAVE POWER- SAVE MONEY" SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)


**मैन्युफैक्चरिंग** | **रक्षामंत्री, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने ईवी यूनिट का किया शुभारम्भ**

# लखनऊ में अशोक लेलैण्ड प्लांट का उद्घाटन



**लखनऊ 9 जनवरी. रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी जी ने आज यहां सरोजनीनगर इण्डस्ट्रियल एरिया में अशोक लेलैण्ड के नवीन मैन्युफैक्चरिंग प्लाण्ट का उद्घाटन किया.**

इसके पूर्व, रक्षामंत्री, मुख्यमंत्री तथा भारी उद्योग मंत्री ने अशोक लेलैण्ड के इलेक्ट्रिक वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया. प्लाण्ट का अवलोकन किया तथा परिसर में सिन्दूर व रुद्राक्ष का पौधरोपण किया. रक्षामंत्री जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सशक्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने अपनी पहचान बदली है. आज यह प्रदेश विकास का पर्याय बन चुका है. मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को जिस तरह सुदृढ़ किया है.

आम जन सरकार से समाज में अमन-चैन बनाए रखने की भी उम्मीद रखता है. एक ऐसा समाज जहां कोई भय न हो. जहां लोगों को घर से बाहर निकलने के पहले सोचना न पड़े. जहां उद्योगपति उद्योग लगाने में न हिचकें तथा इन्वेस्टर्स निवेश करने में न डरें. मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश में इस काम को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है. रक्षामंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की सुरक्षा से जुड़े काम भी शुरू हो चुके हैं.